सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. : CWC/विविध/2025 दिनांक : 03.11.2025

सूचना

विषय : आवारा पशुओं को निर्धारित स्थान पर ही भोजन कराने के लिए अनुरोध।

सभी कॉलोनीवासियों को सूचित किया जाता है कि हाल के दिनों में कुछ कॉलोनीवासी रात के समय कॉलोनी परिसर में सड़क किनारे खाद्य सामग्री फेंकते हुए देखे गए हैं। उनका यह कृत्य आवारा पशुओं, विशेषकर कुत्तों को प्रोत्साहित करता है। यह कार्य न केवल अनुचित है, बल्कि कॉलोनी की सुरक्षा और स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के साथ-साथ कॉलोनीवासियों के लिए असुविधाजनक भी है।

यह देखा गया है कि ऐसे कार्यों के कारण कॉलोनी परिसर में ये पशु अनियंत्रित और आक्रामक भी हो रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और परिसर में चलने वाले दुपहिया वाहन सवारों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है। अतः सभी कॉलोनीवासियों से अनुरोध है कि -

- ✓ कॉलोनी परिसर में सार्वजनिक स्थानों विशेषकर मार्गों के निकट आवारा पशुओं को भोजन या अन्य खाद्य सामग्री न दें और न ही फेंकें।
- ✓ यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधि करता हुआ दिखे तो तुरंत इसकी सूचना सुरक्षा प्रहरियों को दें।

सभी कॉलोनीवासियों से यह भी अनुरोध है कि कॉलोनी में उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृपया आवारा पशुओं/कुत्तों को निर्धारित स्थल **(Newly built Feeding zones)** पर ही भोजन आदि दें ताकि हमारा परिसर स्वच्छ, सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना रहे।

इस कार्य में सभी कॉलोनीवासियों का सहयोग अपेक्षित एवं प्रार्थनीय है। इस विषय में कोई सुझाव इत्यादि अध्यक्ष, कॉलोनी कल्याण समिति एवं अध्यक्ष पशु कल्याण समिति के माध्यम से प्रेषित किए जा सकते हैं।

मधुरंजन 3/11/2025
(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :

1. निदेशक कार्यालय
2. अध्यक्ष, कॉलोनी कल्याण समिति
3. अध्यक्ष, पशु कल्याण समिति
4. प्रशासन नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक
5. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/अनुभाग प्रभारी – कृपया इस संबंध में अपने अधीनस्थ सहकर्मियों को सूचित करें।
6. प्रमुख, एआईटीजी/एनएमसी – वेबसाइट पर अपलोड करवाने के लिए।
7. सूचना पट्ट